प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर के पांच विद्यार्थियों का आईडीबीआई बैंक में चयन

पंतनगर। 30 जनवरी 2021। पंतनगर विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का देश की नामी कम्पनियों में अच्छे पैकेज पर चयन हो रहा है। हाल ही में आईडीबीआई बैंक, जो बैंकिंग के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी है के लिए ऑनलाइन मेल के माध्यम से परिणाम घोषित किये गये। आईडीबीआई बैंक में चयन हेतु विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के 65 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किया गया। विद्यार्थियों के आवेदनों की प्रारंभिक जांच कर बैंक द्वारा ऑनलाइन साक्षात्कार के आधार पर 05 विद्यार्थियों को योग्य पाया, जिनमें प्रियंका आर्या, अनुज बनोला, स्वाति कार्की, दिपिका कर्नाटक, कृषि महाविद्यालय तथा मनीष सिंह रावत, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय सम्मिलित हैं। इन विद्यार्थियों को कम्पनी द्वारा 8 से 10 लाख रूपये प्रतिवर्ष का पैकेज दिया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. तेज प्रताप ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की है। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय, ने इन सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। डा. विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी की सफलता की कामना करता है।

१. प्रियंका आर्या

२. अनुज बनोला

३. स्वाति कार्की

४. दिपिका कर्नाटक

५. मनीष सिंह रावत

आईडीबीआई बैंक में चयनित विद्यार्थी